प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा गठबंधन ने जीती 7 सीटें, सीसामऊ और करहल सीट समाजवादी पार्टी विजयी।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति और नियत पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक।
3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।

और

4. लखनऊ में 26 नवम्बर से शुरू होगी सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चंपियनशिप : पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन समेत देश विदेश के करीब 300 खिलाड़ी।

————————————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में 7 सीटों पर भाजपा गठबंधन ने जीत दर्ज की है। आज हुई मतगणना में फूलपुर, कटेहरी ,मझवां, कुंदरकी, गाज़ियाबाद और खैर सीट से भाजपा प्रत्याशी विजयी हुए और मीरापुर सीट से रालोद प्रत्याशी को कामयाबी मिली है। करहल और

सीसामऊ सीट समाजवादी पार्टी के पाले में आई हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। गाज़ियाबाद सीट से भाजपा के संजीव शर्मा ने सपा के सिंह राज जाटव को करीब 70 हज़ार मतों से पराजित किया। वहीं अलीगढ़ की खैर सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेंदर दिलेर ने सपा प्रत्याशी चारू कैन को करीब 38 हज़ार वोटों से हराया। प्रयागराज की फूलपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने सपा उम्मीदवार मुजतबा सिद्दीकी को लगभग 11हज़ार मतों से हराया। वहीं कुंदरकी सीट परभाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ने सपा उम्मीदवार मोहम्म्द रिज़वान को लगभग 1 लाख 40 हज़ार वोटों से शिकस्त दी। कटहरी सीट पर भाजपा ने 1990 के बाद पहली बार जीत दर्जकी इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद ने सपा की शोभावती वर्मा को तकरीबन 34हज़ार वोटों से हरा दिया.। वहीं मंझवा सीट से भाजपा की सुचिस्मिता मौर्य ने सपा प्रत्याशी ज्योति बिंद को करीब 5 हज़ार वोटों से हरा दिया। करहल सीट से सपा के तेजप्रताप यादव ने भाजपा के अनुजेश पटेल को 14 हज़ार मतों से हराया। वहीं सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी की नसीम सोलंकी ने भाजपा के सुरेश अवस्थी को लगभग 8 हज़ार वोटों से हरा दिया। उधर मुज़फ्फ़रनगर की मीरापुर सीट से रालोद प्रत्याशी मिथलेशपाल ने सपा की सुंबुल राणा को करीब 30 हज़ार वोटों से पारजित किया। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया है। उन्होंने आज लखनऊ में प्रेसवार्ता कर कहा कि प्रधानमंत्री पर लोगों को अटूट विश्वास है। ये जीत उसी का प्रमाण है। बाइट.....

*आज उत्तर प्रदेश की विजय, जो सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन को प्राप्त हुई है, ये उत्तर प्रदेश की ओर से प्रधानमंत्री मोदी जी के अभियान को यह सात कमल भी उस पूरे अभियान के प्रति समर्पित है। इसमें मीरापुर,  गाजियाबाद, कुंदरकी, खैर, कटहरी, मझवां और फूलपुर की जनता जनार्दन ने यह जनादेश भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दिया है । हम सब उनका आभार व्यक्त करते है।*

उधर, महाराष्ट्र की 288 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर रही है। भाजपा 133 सीटों पर आगे है, शिवसेना शिंदे गुट 57 और एनसीपी 41 सीटों पर आगे चल रही है। दूसरी ओर शिवसेना–उद्धव बालासाहेब ठाकरे 20 सीटों, कांग्रेस 15 सीटों और एनसीपी–शरद पवार 10 सीटों पर आगे चल रही है। समाजवादी पार्टी दो सीटों और अन्य पार्टियां और निर्दलीय 10 सीटों पर आगे चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से महाराष्ट्र में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए जनता का आभार जताया है। उन्होंने विश्वास जताया कि महायुति गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र में भाजपा–महायुति को मिली ऐतिहासिक विजय पर कहा कि यह जीत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन पर जनता–जनार्दन का आशीर्वाद है। बाइट.....

*यह जो जनादेश महाराष्ट्र के अंदर प्राप्त हुआ है, यह राम और राष्ट्र के आराधक आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व को नए भारत के नए महाराष्ट्र के विश्वास की मोहर है। छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों की विजय है और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान करने वालों की यह एक पराजय भी है। आज एक बार फिर से स्पष्ट हो गया है कि देश की जनता को मोदी जी की नीति, उनकी नियत, उनके नेतृत्व और उनके निर्णयों पर अटूट विश्वास है।*

झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव आयोग के अनुसार, इंडी गठबंधन 56 सीटों पर आगे है, जबकि एनडीए 25 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है।

————————

आज पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश पुलिस बल और पीएसी बल को आज ही के दिन 1952 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया संदेश में उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी कर्तव्यनिष्ठ कर्मियों और उनके परिजनों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर लखनऊ में पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पुलिस कलर प्रदान किया। इस दौरान प्रदेश के एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश भी मौजूद रहे। पुलिस झंडा दिवस पर उन्नाव में अपर पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया। अमरोहा में अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय पर पुलिस ध्वज का ध्वजारोहण किया। कुशीनगर में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने पुलिस लाइन में झंडा फहराया।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ

अपने विचार साझा करेंगे। मन की बात कार्यक्रम कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज, पीएमओ और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चनलों पर भी सजीव प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के फ़ौरन बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने प्रदेश भर क प्रशासनिक अधिकारियों को संविधान दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव ने संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2024–2025 में पूरे

साल संविधान से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए है। इसके लिए संसदीय कार्य विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है। भारत के संविधान को अंगीकृत किये जाने की तारीख यानी 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाताहै। मुख्य सचिव ने कहा कि पूरे प्रदेश में 26 नवम्बर की सुबह नौ बजकर 30 मिनट पर कार्यक्रम शुरू होंगे। मुख्य कार्यक्रम लोक भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। वहीं स्टेट इंस्टिटयूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस 75वें संविधान दिवस पर 26 और 27 नवम्बर को राष्ट्रीय कॉफ्रेंस का आयोजन करेगा। इस कॉफ्रेंस का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

——————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिन छात्राओं ने वर्ष 2024 में सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10 उत्तीर्ण की है वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है। विवरण, पात्रता शर्तें और ऑनलाइन आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

——————————

राज्य सरकार प्रदेश से टीबी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चला रही है। इसके लिए टीबी रोगियों के

संपर्क में रहने वाले लोगों और पूर्व टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह स्क्रीनिंग हर तीन महीने पर होगी। वर्ष के अंत तक हर जिले को प्रिजेंम्टिव टीबी परीक्षण दर के कम से कम तीन हजार के लक्ष्य को हासिल करने को कहा गया है। प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में सभी डीटीओ डेटा की नियमित मानिटरिंग और कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं।

——————————

वाराणसी में बाबा कालभैरव सहित सभी भैरव मंदिरों मे भैरवष्टमी उल्लास के साथ मनाई जा रही है। भैरवष्टमी पर कालभैरव मंदिर में आज सुबह से ही बाबा की विशेष झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कालभैरव दरबार में जन्मोत्सव पर बाबा के विग्रह का 101 लीटर दूध से अभिषेक किया गया। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*भैरव अष्टमी के अवसर पर काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव के मंदिर में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर दर्शन पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में बाबा के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर भक्तों ने मंदिर परिसर में जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनाई। भैरव जयंती के अवसर पर कालभैरव की पूजा करने से भक्तों को पापों से मुक्ति मिलती है और उनके जीवन में सुख–समृद्धि आती है। भैरव जयंती के अवसर*

*पर कालभैरव मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भैरव प्रदक्षिणा यात्रा भी निकली। यात्रा में काशी के आठ दिशाओं  में स्थापित भैरव मंदिरों के दर्शन किए गए आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

————————————

**लखनऊ में 26 नवम्बर से सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश विदेश के करीब 300 बैडमिटन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पुरुष एकल में भारत के लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत, सिंगापुर के जिया हेंड जेसन शीर्ष वरीयता में शामिल हैं। वहीं महिला एकल में पीवी सिंधु, मालविका बंसोड जैसी टॉप खिलाड़ी हिस्सा लेंगी।**

(समाप्त)